विधान परिषद के द्वितीय सत्र–2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–5 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 5(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि विगत वर्षों में घोषित नये जनपद (मेरठ से बागपत हापुण, वाराणसी से चन्दौली, संतरविदास नगर (भदोही) बदायूँ से सम्भल) आदि में पूर्व जनपदों में जमा जी0पी0एफ0 का अनुदानित, माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों/कर्मचारियों का धन नवनिर्मित जनपदों को प्रेषित किया गया है? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो कब और कितना? | 1– मेरठ (अपितु गाजियाबाद) से हापुड़ जनपद को वर्ष 2014–15 के माह जुलाई में रू0 10.00 करोड़ व वर्ष 2017–18 के माह जून में रू0 05.00 करोड़ कुल धनराशि रू0 15.00 करोड़ की धनराशि प्रेषित किया गया है।<br>2– वाराणसी जनपद से चंदौली जनपद में दिनांक 30–06–2014 को धनराशि रू0 3.00 करोड़ एवं दिनांक 07–04–2016 को धनराशि रू0 3.00 करोड़ कुल रू0 06.00 करोड़ की धनराशि प्रेषित की गयी है।<br>3– बदायूँ जनपद से सम्भल जनपद को दिनांक 04–05–2018 द्वारा धनराशि रू0 2,49,10,113/– (रू0 दो करोड़ उनचास लाख दस हजार एक सौ तेरह मात्र) एवं दिनांक 01–02–2020 द्वारा धनराशि रू0 40,61,961/– (रू0 चालीस लाख इकसठ हजार नौ सौ इकसठ मात्र), कुल धनराशि रू0 2,89,72,074/– (रू0 दो करोड़ नवासी लाख बहत्तर हजार चौहत्तर मात्र) की धनराशि प्रेषित की गयी है। |
| (ग) क्या जमा सम्पूर्ण धन प्रेषित किया जा चुका है? | जी नहीं। |
| (घ) यदि नहीं, तो कब तक प्रेषित कर दिया जायेगा? | शीघ्र ही प्रेषित कर दिया जायेगा। |

गुलाब देवी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।